लोकसभा अध्यक्ष ने बुद्ध पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर लोगों को बधाई दी

नई दिल्ली; 15 मई, 2022: लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने बुद्ध पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर लोगों को बधाई दी है।

अपने संदेश में श्री बिरला ने कहा है कि: "भगवान बुद्ध के उपदेश ब्रह्मांड की वास्तविक प्रकृति की व्याख्या करते हैं। उनकी शिक्षाएं, जो हमें करुणा, शांति, संयम और आनंद से ओतप्रोत करती हैं, मनुष्य और प्रकृति के बीच एक स्थायी संतुलन बनाए रखने में मदद करती हैं। ज्ञान के लिए उनकी खोज, मस्तिष्क को ज्ञान प्राप्ति की ओर उत्प्रेरित करना और मानवता को शाश्वत मूल्यों के मार्ग पर ले जाने वाला दर्शन हमेशा प्रासंगिक रहेगा। बुद्ध जयंती पर मैं सभी के शांतिपूर्ण और सार्थक जीवन के लिए भगवान से प्रार्थना करता हूं।"